RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 08 नवंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 209 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

**सीट बंटवारे से नाराज अबू आजमी... कांग्रेस पर भड़के दिया बड़ा बयान**



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# उम्मीदवारों के खर्च पर चुनाव आयोग की पैनी निगाह

नासिक : राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान ने जोर पकड़ लिया है। सभी दलों के उम्मीदवार प्रचार के लिए गली-गली घूम रहे हैं और प्रत्याशियों को समर्थन देने के लिए नेताओं की जनसभाएं भी शुरू हो गई हैं। इस बीच चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव प्रचार में होने वाले खर्चे को लेकर जांच भी शुरू कर दी गई है। इसके तहत उम्मीदवारों को अपने प्रचार खर्च का हिसाब देना होगा। खर्च निरीक्षकों द्वारा नासिक शहर के तीनों निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों के खर्च की जांच आज गुरुवार 7 नवंबर से शुरू कर दी गई है। देवलाली में यह जांच शुक्रवार से शुरू होगी।

## चुनाव तक 3 बार पेश करना होगा ब्योरा...

इसके साथ ही नासिक मध्य, नासिक पूर्व और नासिक पश्चिम विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की जांच के लिए समयबद्ध कार्यक्रम घोषित किया गया है।

**चुनाव तक 3 बार देना होगा खर्च का ब्योरा**

खर्च निरीक्षकों द्वारा 7, 12 और 17 नवंबर को उम्मीदवारों के खर्च की जांच की जाएगी। इसके लिए सरकारी विश्रामगृह में 2 सत्रों में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक निरीक्षकों द्वारा यह जांच की जाएगी।



देवलाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की जांच के लिए भी समयबद्ध कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके लिए 8, 13 और 18 नवंबर को उम्मीदवारों के खर्च की जांच की जाएगी। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे के बीच सरकारी विश्रामगृह में यह जांच होगी।

**20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट**

बता दें कि नामांकन वापसी की आखिरी तारीख के बाद 5 नवम्बर से 18 नवंबर तक चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो गया है। इसके लिए सभी दलों के नेता और प्रत्याशी चुनाव प्रचार अभियान में जुट गए हैं। जगह-जगह चुनाव रैलियां आयोजित की जा रही हैं और कई अन्य तरीकों से प्रत्याशी प्रचार में जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि 20 नवंबर को राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जाने हैं। इसके बाद 23 तारीख को वोटों की गिनती की जानी है।

## पश्चिम रेलवे ने टिकट जांच अभियान के दौरान 80 .56 करोड़ रुपये वसूला जुमार्ना

**मुंबई :** पश्चिम रेलवे ने गुरुवार को कहा कि उसने अप्रैल से अक्टूबर 2024 तक टिकट जांच अभियान के दौरान जुमार्ने के रूप में 80.56 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की है. एक आधिकारिक बयान में, पश्चिम रेलवे ने कहा कि पश्चिम रेलवे पर सभी वास्तविक यात्रियों को परेशानी मुक्त, आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए, मुंबई उपनगरीय लोकल सेवाओं, मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि बिना टिकट/अनियमित यात्रियों की समस्या पर अंकुश लगाया जा सके.

## भिवंडी में पकड़ा गया 3 किलो गांजा... आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे।





**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी शांतिनगर पुलिस स्टेशन पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने एक शख्स को घूमते हुए देखा शक के आधार पर उसको पकड़ा और तलाशी ली गई तो उसके पास से तीन किलो गांजा मिला उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मालूम हो कि भिवंडी शहर में नशे के कारोबारी पर पुलिस कार्रवाई लगातार जारी है बावजूद इसके नशे के कारोबारी अपने कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं।

शांतिनगर पुलिस ने गायत्रीनगर, न्यु आजाद नगर की एक चॉल पर धावा बोलते हुए 3 किलो गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत 90 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में 19 वर्षीय आरिफ अबरार अहमद सिद्दीकी को मौके पर गिरफ्तार किया, जो लंबे समय से गांजे की तस्करी में लिप्त था। इस मामले की जांच अब सहायक पुलिस निरीक्षक सजेर्राव पाटिल कर रहे हैं। इसी क्रम में भिवंडी शहर की शांतिनगर पुलिस द्वारा लगातार नशे के कारोबारी और नशे का सेवन करने वाले लोगों पर आए दिन कार्रवाई करते हुए उनको सलाखों के पीछे पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बता दें कि भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन में जबसे सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर विनायक गायकवाड़ जब से आए हुए हैं तब से लगातार क्राइम को कंट्रोल में रखा जा रहा है और क्राइम करने वालों पर आए दिन नकेल कसा जा रहा है. जिस कारण क्राइम के मामलों में कमी देखने को मिल रही है।



## शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी !

### बांद्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज...

**मुंबई :** शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है। इस संबंध में मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। मुंबई पुलिस की शुरूआती जांच में पता है कि जिस मोबाइल नंबर से फोन किया गया था, वो नंबर छत्तीसगढ़ के रायपुर के फैजान नाम के शख्स का है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बाद अब शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है। शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने का मामला छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से जुड़ा है। इस संबंध में मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 308 4, 351 3 4, के तहत शिकायत दर्ज की है। बताया जा रहा है कि मुंबई पुलिस की शुरूआती जांच में पता है कि जिस मोबाइल नंबर से फोन किया गया था, वो



नंबर छत्तीसगढ़ के रायपुर के फैजान नाम के शख्स का है। फिलहाल इस मामले की तहकीकात करने के लिए मुंबई पुलिस रायपुर पहुंची है।

पुलिस की साइबर सेल की ओर से नंबर ट्रेस करने पर रायपुर का लोकेशन मिला है। दूसरी ओर इस मामले में पुलिस यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि कहीं ये यह मामला शरारती तत्वों का तो नहीं है या फिर इसके पीछे कोई गहरी साजिश तो नहीं रची गई है। इन तमाम पहलुओं को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार 08 नवंबर 2024



## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### क्या हो नीतिगत रुख...

बीते वर्षों में अनेक केंद्रीय बैंकों ने अपना संचार बेहतर बनाने का प्रयास किया है ताकि वित्तीय बाजार नीतियों को गलत न समझे या उनकी गलत व्याख्या न करे। भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) भी इसका अपवाद नहीं है। मौद्रिक नीति के संदर्भ में गवर्नर के नीतिगत वक्तव्य तथा मौद्रिक नीति समिति के संकल्प के अलावा समिति के विचार-विमर्श और निर्णयों के बारे में गवर्नर के नेतृत्व में केंद्रीय बैंक के शीर्ष अधिकारियों ने जानकारी दी और उन्हें स्पष्ट किया। इसके अलावा शीर्ष अधिकारी अपने भाषणों तथा अन्य सार्वजनिक उपस्थितियों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर केंद्रीय बैंक की स्थिति स्पष्ट करते रहते हैं।

देश के वित्तीय क्षेत्र के कैलेंडर में ऐसा ही एक अवसर है बिजनेस स्टैंडर्ड बीएफएसआई इनसाइट समिट। बुधवार को इस आयोजन के पहले दिन रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने विभिन्न मुद्दों पर बात की जिससे वित्तीय बाजारों को लेकर केंद्रीय बैंक की स्थिति और समझ को लेकर स्पष्टता आई। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और संभावित अनिश्चितता के संदर्भ में दास ने आश्वस्त किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र अच्छी स्थिति में हैं और वे वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रभावों से निपट सकते हैं। इस संदर्भ में यह बात ध्यान देने लायक है कि भारत ने एक बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार तैयार किया है जो मुद्रा बाजार में अतिरिक्त अस्थिरता को रोकने में सक्षम है।

यकीनन रुपया हाल के दिनों में अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। कुछ अर्थशास्त्री यह कहते आए हैं कि इसे और अधिक समायोजित करने की आवश्यकता है। दीर्घकालिक व्यापार और वृद्धि संबंधी नतीजे कई कारकों पर निर्भर करते हैं। भारत को मुद्रा के अधिमूल्यन से बचने का फायदा होगा। चालू वर्ष के वृद्धि परिदृश्य की बात करें तो जहां कुछ उच्च तीव्रता वाले संकेतक और कॉर्पोरेट टिप्पणियां मांग में कमी का संकेत दे रही हैं लेकिन रिजर्व बैंक आशावादी बना हुआ है। उसका अनुमान है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7.2 फीसदी की दर से बढ़ेगी। दास ने मुद्रास्फीति और ब्याज दरों को लेकर रिजर्व बैंक की स्थिति दोहराई। उन्होंने यह भी कहा कि एमपीसी को और अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए नीतिगत रुख बदला गया। कम से कम दो और ऐसे नीतिगत पहलू हैं जिन पर चर्चा की जानी चाहिए। पहला है केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा यानी सीबीडीसी।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok
ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# वोटिंग के मद्देनजर छुट्टी का ऐलान...

# BMC कर्मचारियों को मिलेगी पेड लीव



**मुंबई** : महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान के मद्देनजर अवकाश की घोषणा की गई है. मुंबई महानगर पालिका आयुक्त ने इसको लेकर अधिसूचना जारी की है. इसमें व्यापार, औद्योगिक समूहों, निगमों, कंपनियों और संस्थानों, औद्योगिक उपक्रमों और अन्य सभी प्रतिष्ठानों को विधानसभा चुनाव में मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए श्रमिकों, कर्मचारियों, अधिकारियों को 20 नवंबर 2024 को छुट्टी देना अनिवार्य किया है. वहीं नियमों का पालन नहीं करने वाले नियोक्ताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिया गया है. बृहन्मुंबई नगर निगम के आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भूषण गगरानी द्वारा निर्देशित ग्रेटर मुंबई क्षेत्र (मुंबई उपनगरीय जिला और मुंबई सिटी जिला) में काम करने वाले व्यवसायों, व्यापारों, औद्योगिक समूहों, निगमों, कंपनियों और संस्थानों, औद्योगिक उपक्रमों और अन्य प्रतिष्ठानों में काम करने वाले सभी श्रमिकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करना होगा. विधानसभा 2024 बुधवार, 20 नवंबर 2024 को संबंधित नियोक्ताओं को अवकाश स्वीकृत करना अनिवार्य होगा.

भारत निर्वाचन आयोग के साथ-साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी, महाराष्ट्र के निदेर्शानुसार ग्रेटर मुंबई क्षेत्र (मुंबई उपनगरीय जिला और मुंबई शहर जिला) में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी और ग्रेटर मुंबई नगर आयुक्त भूषण गगरानी के मार्गदर्शन में विभिन्न नवीन गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं. इस पृष्ठभूमि में, मुंबई उपनगरीय जिले और मुंबई सिटी जिले के सभी मतदाताओं को विधान सभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान के अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं.

### BMC द्वारा दिए गए निर्देश इस प्रकार हैं

* जिस मतदान क्षेत्र में चुनाव हो रहा है, वहां किसी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में लगे प्रत्येक व्यक्ति और राज्य विधानसभा चुनाव में मतदान करने का हकदार व्यक्ति को मतदान के दिन यानी बुधवार, 20 नवंबर, 2024 को छुट्टी दी जाएगी.

* यह नियम सभी औद्योगिक समूहों, निगमों, कंपनियों और संस्थानों, औद्योगिक उपक्रमों या अन्य प्रतिष्ठानों आदि पर लागू होगा.

– इस छुट्टी के बदले संबंधित व्यक्ति के वेतन में कोई कटौती नहीं की जाएगी. किसी भी नियोक्ता द्वारा इन नियमों या प्रावधानों का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी.

ङ्ग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम– 1951 की धारा 135 (बी) के अनुसार, किसी भी मतदाता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, जिसकी ड्यूटी से अनुपस्थिति उस रोजगार के लिए खतरनाक या प्रतिकूल होगी जिसमें वह कार्यरत है.

– इसके अलावा असाधारण परिस्थितियों में श्रमिकों, कर्मचारियों, अधिकारियों आदि को कम से कम चार घंटे की छूट दी जा सकती है यदि मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए पूरे दिन की छुट्टी देना संभव नहीं है. लेकिन, ऐसे छूट के मामलों में जिला निर्वाचन अधिकारी की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी.

– यदि यह पाया जाता है कि कोई व्यक्ति छुट्टी या रियायत न मिलने के कारण अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह गया है, तो संबंधित नियोक्ता के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी. अत: उद्योग विभाग के अधीन सभी निगमों, औद्योगिक समूहों, कंपनियों एवं संस्थानों, औद्योगिक उद्यमों आदि प्रतिष्ठानों को जिला निर्वाचन प्रशासन द्वारा दिये गये इन सभी निदेर्शों का कड़ाई से पालन करना होगा.

# अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का महिमामंडन करने वाली टी-शर्ट बेचने को लेकर मामला दर्ज




**मुंबई** : महाराष्ट्र में पुलिस की साइबर शाखा ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का महिमामंडन करने वाली टी-शर्ट बेचने को लेकर ऑनलाइन सामान बेचने वाली कुछ ई-कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि आपराधिक व्यक्तियों को आदर्श बनाने वाले ये उत्पाद (मूल्यों की) विकृत छवि को बढ़ावा देकर समाज के लिए बड़ा खतरा पैदा करते हैं, जिसका युवा मन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अधिकारी ने बताया कि साइबर सुरक्षा अधिकारियों की तरफ से ऑनलाइन निगरानी के दौरान पाया गया कि फ्लिपकार्ट, अलीएक्सप्रेस और टीशॉपर के साथ-साथ ईटीसी जैसी ई कंपनियों समेत कई 'ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म' लॉरेंस बिश्नोई और दाऊद इब्राहिम जैसे गैंगस्टर का महिमामंडन करने वाली टी-शर्ट बेच रहे थे। पुलिस की तरफ से में कहा गया है कि मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए महाराष्ट्र पुलिस की साइबर शाखा ने इन आपत्तिजनक उत्पादों को सूचीबद्ध करने के लिए जिम्मेदार विक्रेताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# सीट बंटवारे से नाराज अबू आजमी... कांग्रेस पर भड़के दिया बड़ा बयान



**मुंबई:** आजमी ने कांग्रेस का हवाला देते हुए कहा, उन्होंने हरियाणा में (सपा के साथ) गठबंधन नहीं किया और हार गए। हमें लगा कि वे सबक सीखेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस रा अपने दम पर काम नहीं कर सकता और उसे हर बार निर्णय लेने के लिए दिल्ली भागना पड़ता है।''

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी को केवल दो विधानसभा सीटें आवंटित किए जाने से नाराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उसने हरियाणा में अपनी हार से कोई सबक नहीं सीखा है। आजमी ने कहा कि विपक्षी महा विकास आघाडी को एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए था, लेकिन उसने सपा नेताओं को बातचीत के लिए भी नहीं बुलाया। सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ''उन्हें लगता है कि उनके बल पर चुनाव जीता जा सकता है और हमारी (सपा की) कोई जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा कि सपा ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आठ उम्मीदवार उतारे हैं और सात नवंबर को अपना घोषणापत्र जारी करेगी। हालांकि, आजमी ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा को हराने के लिए अन्य सीटों पर एमवीए की मदद करेंगे।

# बोईसर में नशीली दवाएं जब्त... दो संदिग्ध ड्रग तस्कर गिरफ्तार



**बोईसरः** बोईसर में दो संदिग्ध ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया. इस कार्रवाई के दौरान चार लाख की नशीली दवा मेथक्वालोन, मोबाइल फोन और कार समेत दस लाख 97 हजार रुपये का कीमती सामान जब्त किया गया. इस मामले में बोइसर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.. बोइसर उपविभागीय पुलिस अधिकारी विकास नाइक को मंगलवार (5) सुबह मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में सूचना मिली. सहायक फौजदार हस्कर, चंद्रकांत केंद्र, पुलिस नायक गोरखनाथ वाघ, गोरखनाथ चव्हाण और अजय मोरे के साथ दोपहर 1 बजे से बोइसर पुलिस स्टेशन की सीमा में खैराफाटक तटीय चेक पोस्ट पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान जब संदिग्ध कार (एमएच 48 बीएच 1439) की तलाशी ली गई तो उसमें सवार तीन लोगों के पास से 40 ग्राम मेथाक्वालोन पाउडर मिला. संग्रामसिंह राजदेवसिंह राजपूत (उम्र 42, निवासी संजान, जिला वलसाड, गुजरात) और नितेश महेश अग्रवाल (उम्र 39, निवासी गोरेगांव, मुंबई) को रुपये की दवा रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। जांच से पता चला कि जब्त की गई दवा मोहमंद सलमान अली रफाई गुजरात के वलसाड से लाई थी।

# चुनाव से दूर रहने का फैसला लेकर मराठा आरक्षण की लड़ाई को जीवित रखा - मनोज जरांगे

**छत्रपति संभाजीनगरः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन मनोज जरांगे ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान करते हुए अपने सभी प्रत्याशियों को नामांकन वापस लेने के लिए कहा था। चुनाव नहीं लड़ने के फैसले पर मनोज जरांगे ने अब बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हम चुनावी मैदान में उतरते तो मराठा समुदाय बंट सकता था।

आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को दावा किया कि वे महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य का राजनीतिक परिदृश्य बदल सकते हैं। चुनाव से दूर रहने का फैसला लेकर मराठा आरक्षण की लड़ाई को जीवित रखा है। जरांगे ने कहा कि अगर वे चुनावी मैदान में उतरते, तो मराठा समुदाय बंट सकता था। जरांगे ने कहा कि मराठा समुदाय पहले ही निशाने पर है। उन्होंने कहा कि ''अगर हम चुनाव लड़ते, तो समुदाय में विभाजन पैदा हो सकता था।''

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने जालना जिले में कहा कि 20 नवंबर को होने



वाले विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों को समर्थन देने के बारे में निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा। मनोज जरांगे ने पहले कुछ निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की थी, जहां वह कुछ उम्मीदवारों का विरोध करने पर विचार कर रहे थे, लेकिन नामांकन वापस लेने के आखरी दिन 4 नवंबर को उन्होंने कहा कि ''हम राज्य में किसी भी उम्मीदवार को चुनाव मैदान में नहीं उतारेंगे और न ही किसी प्रत्याशी का समर्थन करेंगे।'' आगे की रणनीति के बारे में मनोज जरांगे ने कहा कि ''चुनाव न लड़ने के फैसले से कुछ उम्मीदवार नाराज हो सकते हैं। लेकिन इस फैसले से मैंने आरक्षण की लड़ाई को जिंदा रखा है। चुनाव थोड़े समय के लिए खुशी देते हैं, जिससे हमें बचना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि वह समय आने पर निर्णय लेंगे कि चुनाव में किसे हराना है, क्योंकि मतदान में अभी कुछ दिन बाकी हैं। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि ''जो हमसे समर्थन मांग रहे हैं, हम उन लोगों को मराठा आरक्षण के समर्थन में मसौदा देंगे। उसके बाद तय करेंगे कि हमें किसका समर्थन करना चाहिए। हमारे पास अंतिम चरण में राजनीतिक माहौल बदलने की क्षमता है। हम देखेंगे कि कौन मजबूत उम्मीदवार है और फिर तय करेंगे कि हमें किसे मसौदा और समर्थन देना चाहिए।''

मनोज जरांगे के चुनाव नहीं लड़ने के उनके फैसले से विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी को फायदा होगा? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ''यह बात तो बहुत पहले से कही जा रही है। फिर पिछले साल अंतरवाली सराती गांव में हमारे लोगों पर हमला क्यों किया गया? उनके खिलाफ मामले क्यों दर्ज किए गए।

# राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को बीजेपी विधानसभा चुनाव में समर्थन नहीं देगी

**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। बीजेपी, राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को विधानसभा चुनाव में समर्थन नहीं देगी। बता दें कि अमित ठाकरे माहिम सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी द्वारा समर्थन नहीं दिए जाने की बात महाराष्ट्र बीजेपी के नेता आशीष शेलार ने दी है। बीजेपी महाराष्ट्र में सिर्फ एक सीट पर राज ठाकरे की पार्टी मनसे का समर्थन कर रही है और वह सीट राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे की नहीं है। यह मुंबई की शिवडी विधानसभा की सीट है, जहां पर मनसे नेता और राज ठाकरे के नंबर 2 के सिपाही बाला नांदगावंकर चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि इसके पहले बीजेपी ने माहिम सीट पर समर्थन की बात की थी। माहिम वही सीट है, जहां से राज ठाकरे के बेटे अमित



ठाकरे चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन अब बीजेपी का स्टैंड बदल चुका है और वह कह रही है कि महाराष्ट्र में सिर्फ. एक सीट पर वह मनसे का समर्थन करेगी और वह बाला नांदगावंकर की सीट है।

आशीष शेलार ने कहा, 'मैं आप सब कार्यकर्ता और मीडिया के माध्यम से सबको बता रहा हूं। ये (बीजेपी का समर्थन) सिर्फ शिवडी विधानसभा सीट तक ही सीमित है। हालही में मैंने माहिम के बारे में बोला था, उसे पूरे महाराष्ट्र के बारे में आपने फैला दिया। अब सिर्फ शिवडी के बारे में बोल रहा हूं। इसे पूरे महाराष्ट्र के बारे में मत समझना।'

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोटिंग है। इन सीटों के नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे। इस बार सबसे ज्यादा उम्मीदवार बीजेपी ने खड़े किए हैं। दूसरे नंबर पर कांग्रेस और फिर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना है। चौथे नंबर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और आखिर में छठवें पायदान पर डिप्टी सीएम अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी है।

# मुलुंड में अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी का लालच देकर महिला के गले से सोने की चेन छीन ली





**मुलुंडः** अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी का लालच देकर काम पर जा रही एक महिला के गले से दो तोला सोने की चेन छीन ली गई. घटना चार दिन पहले मुलुंड इलाके में हुई और मुलुंड पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. विद्या चव्हाण (उम्र 61 वर्ष) कुछ वर्षों से मुलुंड क्षेत्र के एक कार्यालय में सफाईकर्मी के रूप में और एक अन्य स्थान पर रसोइया के रूप में भी काम कर रही हैं। 26 अक्टूबर को ऑफिस में सफाई का काम खत्म करने के बाद वह नाहुर रेलवे स्टेशन इलाके से दूसरी जगह के लिए निकलीं. तभी रास्ते में एक इस्मा ने उसे अच्छी नौकरी का लालच दिखाया. इसके बाद वह उन्हें एक सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने महिला के गले की सोने की चेन बैग में रखने को कहा। उन्होंने बताया कि उस समय हाथ की सफाई से बैग में रखी चेन को लेकर वह काम के बारे में बात करने आया था।

# वर्धा के भुंगांव स्टील कंपनी में लगी भीषण आग, 18 मजदूर घायल

**वर्धाः** भूगांव में एवोनिथ स्टील कंपनी में बीती रात भीषण आग लग गई. इस हादसे में 18 मजदूर घायल हो गए. तीन घायल मजदूरों का इलाज नागपुर के एक अस्पताल में कराया गया, जिसमें एक की हालत गंभीर है. बाकी 15 मजदूरों को सावंगी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसा उस वक्त हुआ जब कंपनी के स्लैगपिट एरिया में कूलिंग प्रक्रिया चल रही थी. आग कैसे लगी उसकी जांच की जा रही है.

# केईएम अस्पताल में हड्डी से संबंधित सर्जरी करना होगा आसान... अस्पताल को इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक सर्जिकल ऑपरेशन टेबल मिला

**मुंबईः** अब डॉक्टरों के लिए नगर निगम केईएम अस्पताल में ऑर्थो या हड्डी से संबंधित सर्जरी करना आसान हो जाएगा। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत अस्पताल को एक अत्याधुनिक ऑपरेशन टेबल दान किया गया है, केईएम अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं। विभाग को एक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, रोबोटिक सर्जरी




उपकरण मिला है और अब अस्पताल को एक उन्नत इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक सर्जिकल ऑपरेशन टेबल मिला है, अस्पताल के अनुसार, बुधवार को द इंडियन 'म पाइप कंपनी लिमिटेड ने एक अत्याधुनिक दान दिया अस्पताल में ओटी टेबल. इस ओटी टेबल की कीमत 25.22 लाख रुपये है. इस ऑपरेशन टेबल को नए ओटी रूम में रखा गया है। संगीता रावत ने बताया कि यह बेहद आधुनिक ऑपरेशन टेबल है.

हाइड्रोलिक टेबल होने के कारण इसे सर्जरी के दौरान कई कोणों पर घुमाया जा सकता है, जिससे डॉक्टरों के लिए जटिल सर्जरी करना भी आसान हो जाता है।

# बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश में कथित तौर पर शामिल 23 वर्षीय व्यक्ति पुणे से गिरफ्तार

**मुंबई:** पुलिस ने बताया कि एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश में कथित तौर पर शामिल 23 वर्षीय एक व्यक्ति को बुधवार को पुणे से गिरफ्तार किया गया। इस तरह वह इस हाई-प्रोफाइल हत्याकांड के सिलसिले में पकड़ा जाने वाला 16वां आरोपी बन गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर निवासी गौरव विलास अपुने इस मामले में अहम आरोपी है, क्योंकि वह वांछित आरोपी शुभम लोनकर और गिरफ्तार आरोपी राम कनौजिया के सीधे संपर्क में था। उन्होंने बताया कि मामले में गिरफ्तार होने वाला 16वां व्यक्ति अपुने पिछले महीने मुंबई में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री की हत्या की साजिश में शामिल था।

उसे स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 13 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर



भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने अपुने को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ से पूछताछ में पता चला कि वह सिद्दीकी पर हमले की साजिश में शामिल था। पूछताछ के दौरान पता चला कि उसे एनसीपी नेता की हत्या के लिए 25 लाख रुपये, एक फ्लैट और एक वाहन देने का आश्वासन दिया गया था।

अपुने को कुछ फरार आरोपियों ने आग्नेयास्त्रों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया था। अधिकारी के अनुसार, उसने हथियार प्रशिक्षण के तहत गोलियां भी चलाई थीं। 23 वर्षीय अपुने के पास एक आग्नेयास्त्र और गोलियां थीं, जिन्हें उसने वांछित आरोपियों में से एक को दे दिया था। उन्होंने कहा कि उसके पास मौजूद हथियार की तलाश की जा रही है। सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में तीन बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने कहा कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई अनमोल, जो कनाडा में रहता है और नियमित रूप से अमेरिका आता-जाता रहता है, कथित तौर पर हत्या के पीछे है, लेकिन अभी तक इसका मकसद स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# मुंबई: ऐप पर क्लिक करते ही एंबुलेंस घटनास्थल या मरीज के घर पहुंच जाएगी

**मुंबई:** स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में मरीजों को चिकित्सा सहायता, अस्पताल में भर्ती कराने के लिए 108 पर कॉल करके एम्बुलेंस सेवा ली जाती है। इस सेवा में सबसे बड़ी समस्या कॉल करने वाले का पता ढूंढना है। इसके चलते कई बार एंबुलेंस के पहुंचने में देरी हो जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए अब 108 एंबुलेंस सेवा ऐप पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस ऐप पर क्लिक करते ही एंबुलेंस घटनास्थल या मरीज के घर पहुंच जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं. मार्च 2025 से एम्बुलेंस की जानकारी



मोबाइल ऐप पर उपलब्ध कराई जाएगी। जैसे ही मोबाइल धारक ऐप पर क्लिक करेगा, उसके ऐप पर एंबुलेंस ड्राइवर या डॉक्टर का मोबाइल नंबर दिख जाएगा. साथ ही एंबुलेंस को पहुंचने में कितना समय लगेगा इसकी सटीक जानकारी भी इस ऐप पर देखी जा सकती है. इस ऐप की मदद से कंट्रोल रूम में मौजूद ऑपरेटर ऐप होल्डर की लोकेशन ट्रैक करता है और एम्बुलेंस ड्राइवर को पीड़ित की समय पर मदद करने के लिए गाइड करता है।

# भयंदर: नयानगर पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**भयंदर:** नयानगर पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल प्रथमेश पाटिल को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इस मामले में शामिल सहायक पुलिस निरीक्षक अमित अव्हाले फरार हो गया है..सहायक पुलिस निरीक्षक अमित अव्हाले ने नयानगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक अपराध में मदद करने और क्लास बी सारांश प्राप्त करने के लिए संबंधित व्यक्तियों से साढ़े चार लाख रुपये की मांग की थी. उस अपराध को मंजूरी दे दी गई। उसने ये पैसे पुलिस कॉन्स्टेबल प्रथमेश पाटिल को देने को कहा. इसके बाद समझौता हुआ और एक लाख रुपये की बात तय हुई. इस संबंध में ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस प्रभाग के पुलिस निरीक्षक रूपाली पोल के नेतृत्व में एक टीम ने शिकायत का सत्यापन किया और मंगलवार (5 तारीख) की रात प्रथमेश पाटिल को एक लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा; लेकिन इसकी जानकारी मिलते ही अमित अव्हाले फरार हो गया।

# सब्जियों की कीमतों में उछाल के कारण खाना महंगा

**मुंबई:** एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर में सब्जियों की कीमतों में उछाल के कारण शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के घर का बना खाना महंगा हो गया। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के एक विभाग ने कहा कि शाकाहारी थाली की कीमत पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़कर 33.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई और सितंबर में 31.3 रुपये से भी अधिक हो गई, जिसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में उछाल था। मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर में प्याज की कीमतों में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई,

जबकि आलू की कीमतों में 51 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण लगातार बारिश है, जिसके कारण आवक कम हुई और महाराष्ट्र और कर्नाटक में फसल भी प्रभावित



हुई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बारिश के कारण आवक प्रभावित होने के कारण टमाटर की कीमतें पिछले साल की समान अवधि के 29 रुपये प्रति किलोग्राम से दोगुनी से अधिक बढ़कर 64 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश से आपूर्ति के साथ नवंबर से इस वस्तु की कीमतें स्थिर होने की संभावना है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सब्जियों की कीमतों का कुल थाली लागत में 40 प्रतिशत भार है और इसलिए उतार-चढ़ाव ने कुल लागत को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम शुरूआती स्टॉक, कम स्टॉक पाइपलाइन और त्योहारी मांग के कारण दालों की कीमतों में महीने के दौरान 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साथ ही, ताजा आवक के कारण दिसंबर से कीमतों में गिरावट की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की लागत में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की गिरावट ने भोजन की लागत में उछाल को रोकने में मदद की। मांसाहारी थाली के मामले में, ब्रॉयलर की कीमतों में 9 प्रतिशत की गिरावट, जो थाली की लागत का आधा हिस्सा है, ने लागत में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि की, रिपोर्ट में कहा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घर में बनी मांसाहारी थाली की कीमत अक्टूबर में 61.6 रुपये थी, जबकि एक महीने पहले की अवधि में यह 59.3 रुपये और एक साल पहले की अवधि में 58.6 रुपये थी।

# मलाड में धारावी पुनर्वास परियोजना का विरोध...

**मलाड:** मलाड के पश्चिम में मड द्वीप के सात गांवों ने धारावी पुनर्वास परियोजना का विरोध किया है। अक्सा गांव में धारावी पुनर्वास परियोजना के लिए चल रहे भूमि सर्वेक्षण को असलम शेख ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रोक दिया, भाटी मच्छीमार ग्राम विकास मंडल की ओर से धारावी पुनर्वास परियोजना का समर्थन करने वाले उम्मीदवारों ने तख्तियां लगायीं। वोट मांगने न आने की सार्वजनिक तख्तियां गांव के प्रवेश द्वार पर सीधे एक साइनबोर्ड लगाया गया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि उम्मीदवार धारावी पुनर्वास परियोजना को रद्द कर दें और इस चुनाव में वोट मांगने आएं.

# पिकअप टेम्पो रो रो बोट में लोड करते समय चालक का नियंत्रण खो जाने से खाड़ी के पानी में गिर गया



**महाराष्ट्र:** रायगढ़ जिले के अगरदंडा और दिघी के बीच रो रो सेवा संचालित है। स्थानीय लोगों के साथ पर्यटक भी श्रीवर्धन से मुरुड पहुंचने के लिए इस रो रो सेवा का उपयोग करते हैं। इससे यात्रा का काफी समय बचता है। एक पिकअप टेम्पो रो रो बोट में लोड करते समय चालक का नियंत्रण खो जाने से खाड़ी के पानी में गिर गया। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह टेम्पो पानी लेकर बोरली पंचायत जा रहा था। लेकिन यह हादसा उस समय हुआ जब चालक ने रिवर्स गियर लगाकर गाड़ी को बोट में लोड कर रहा था। यह घटना बोट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वाहनों के लोड और अनलोड होने का समय पढ़ने के लिए बोट संचालकों से गाड़ियों को रिवर्स गियर में लोड करने पर जोर दिया जाता है। लेकिन अगर तरबेज चालक नहीं है तो उसके लिए गाड़ियों को उल्टा करके बोट पर लोड करना मुश्किल होता है। इसलिए ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए चालकों से मांग की जा रही है कि वाहनों को रिवर्स गियर में बोट पर चढ़ाने के लिए मजबूर न किया जाए।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com